
आज़ादी का अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 22.08.2023 से 27.08.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# माननीय केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री जी से शिष्टाचार भेंट

(दिनांक 22.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जी से माननीय मुख्यमंत्री जी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान केंद्रीय कानून मंत्री जी ने सभी उपस्थित मंत्रीगण, विधायकगण, उच्च अधिकारियों एवं कानूनी विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा अंग्रेजी हुकूमत की ओर से बनाए गए इंडियन पेनल कोड 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड 1898



# साप्ताहिक सूचना पत्र



और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 मे संशोधन के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। इससे पहले माननीय मुख्यमंत्री जी अपने संत कबीर कुटीर में आने पर केन्द्रीय मंत्री जी का हार्दिक स्वागत किया और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। केन्द्रीय कानून मंत्री जी ने बताया कि इन गुलामी की निशानी वाले शब्दों को किताबों से हटाना एक कठिन कार्य था। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी ने माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देशानुसार इस कार्य को करने का संकल्प लिया। अध्ययन के बाद पता चला कि ये कानून आयरिश सिस्टम से जुड़े हैं और इन्हें आज की हालात के अनुकूल बनाया जाना अति आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने पहली बार 2019 में इस विचार को रखा था कि अंग्रेजो के समय से बनाए गए तमाम कानून की समीक्षा हो। आजादी के अमृत काल में जो समाज है उसकी हित में वक्त की जरूरत को ध्यान रखते हुए इन कानून में बदलाव हो। अमृतकाल के पहले साल मे गुलामी के इन अंशों को मिटाने के लिए केन्द्र सरकार तेजी से इस और बढ रही है और जल्द ही नए सुधारात्मक कानून लागू होगें।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## चंद्रयान–3 की सफलता की बधाई

(दिनांक 23.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्रीं जी ने आज अपने संदेश में देशवासियों व प्रदेशवासियों सहित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और वैज्ञानिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिकों के कौशल, बुद्धिमता और साहस के बल पर ही हम इस ऊंची उपलब्धि को हासिल कर सके हैं। यह उपलब्धि हमारी ही नहीं अपितु समूचे मानव समुदाय की चांद पर एक और छलांग है। वैज्ञानिकों की मेहनत, समर्पण और मेधा की सराहना करता हूं और भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आज चांद हमारे और नजदीक आ गया, आज चांद पर तिरंगा फहरा रहा है, जब भारत देश के चंद्रयान–3 ने चंद्रमा पर सफल लैंडिंग करके भारत की उपस्थिति चांद पर दर्ज कराई। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचकर



# साप्ताहिक सूचना पत्र




अंतरिक्ष में यह इतिहास रचने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। माननीय  मुख्यमंत्रीं जी ने माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद किया और कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने हर पल वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें प्रोत्साहित व प्रेरित किया है और उन्हें विश्वास दिलाया कि इस मिशन मून में पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों की मेहनत के बल पर ही आज हम इस उपलब्धि को प्राप्त करने में सफल हुए हैं। यह सफलता हमारे लिए अंतरिक्ष विज्ञान में नये अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है, हमारा चंद्रयान–3 चंद्रमा पर उतरा है, इस महान पल का पूरे देशवासियों को इंतजार था। हर भारतीय के लिए आज का दिन इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा, क्योंकि इस मिशन की सफलता के साथ ही भारत ने अंतरिक्ष में एक और बड़ी छलांग लगाई है।

# अग्रसेन फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

(दिनांक 23.08.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी आज अपने आवास संत कबीर कुटीर पर श्री अग्रसेन फाउंडेशन के राष्ट्रीय मुख्य सलाहकार पूर्व मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश श्री दीपक सिंघल जी एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री ज्ञान चंद गुप्ता और शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष हिसार के अग्रोहा में विश्व स्तरीय अग्रसेन ग्लोबल सिटी की स्थापना व अन्य परियोजनाओं के संदर्भ में प्रस्तुतिकरण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा सरकार द्वारा हिसार में एयरपोर्ट का नाम महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा करने के कदम को सराहनीय बताया।



इस दौरान श्री दीपक सिंघल ने प्रस्तुतिकरण देते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी से विश्व स्तरीय अग्रसेन नगर की स्थापना करने का अनुरोध किया। इस केंद्र के बनने से महाराजा अग्रसेन के गौरवमयी इतिहास एवं परम्परा को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे ले जाने के लिए आस्था का एक केंद्र विकसित होगा। इस परियोजना को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर क्रियान्वित करने का प्रस्ताव है। श्री सिंघल ने बताया कि यह भी प्रस्ताव है कि महाराजा अग्रसेन के वर्तमान स्थल पर पिछले 5200 वर्षों के इतिहास पर आधारित लाइट एण्ड साउण्ड प्रोग्राम, पुरातात्विक एवं सांस्कृतिक शोध केंद्र तथा एक प्लैनोटोरियम जिसमें महाराजा अग्रसेन के गौरवमयी गाथाएं एवं महाभारत की गाथाओं को दर्शाया जा सके। प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा सरकार द्वारा अग्रोहा में करवाये गए विकास कार्यों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के सहयोग से अग्रोहा में विश्व स्तरीय अग्रसेन ग्लोबल सिटी की स्थापना व अन्य परियोजनाओं के विकसित होने से अग्रोहा की धार्मिक व पर्यटन स्थल के रूप में एक नई पहचान स्थापित होगी और पूरे विश्व के अग्रवंशी तथा देश–विदेश के पर्यटक अग्रोहा आकर गौरवान्वित हो सकेंगे और भारत की सांस्कृतिक धरोहर का अवलोकन कर सकेंगे।

# विधानसभा का मानसून सत्र

(दिनांक 25.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन चंद्रयान–3 की सफल लैंडिंग होने पर सदन में विशेष प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि चंद्रयान–3 के चंद्रमा पर सफल लैंडिंग होने से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। इसके लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक मिशन के सफल होने से देश में हर्ष और उल्लास का वातावरण है। हमारे वैज्ञानिकों के कौशल, साहस और बुद्धिमता के बल पर ही हम इस उपलब्धि को प्राप्त करने में सफल हुए हैं। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि भारत का ज्ञान–विज्ञान फिर से दुनिया पर अपना परचम फहरा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मिशन चंद्रयान–3 की सफलता में हरियाणा का भी योगदान रहा है। इस





मिशन में रोहतक में बने हुए नट–बोल्ट और रेवाड़ी में बनी स्पेशल केबल का प्रयोग किया गया है। इस मिशन के वैज्ञानिक दल में शामिल अंबाला की आरुशि सेठ, भिवानी के देवेश ओला और हिसार के यज्ञ मलिक ने सराहनीय योगदान किया है। यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। माननीय मुख्यमंत्री जी विपक्ष के कुछ सदस्यों द्वारा उठाए गए परिवार पहचान पत्र से संबंधित मुद्दे का जवाब दे कर कहा की 2011 में कांग्रेस शासन के दौरान गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) कार्ड जारी करने में अनियमितताओं को उजागर करते हुए खुलासा किया कि कांग्रेस शासन के दौरान महंगे आवासों में रहने वाले व्यक्तियों को गलत तरीके से बीपीएल कार्ड आवंटित किए गए थे। ऐसे लगभग 50 लोगों के नाम उस समय अखबारों में छपे थे। उन्होंने जन हित व पात्र लाभार्थियों को लाभ देने के

# साप्ताहिक सूचना पत्र




लिए वर्तमान राज्य सरकार द्वारा उठाए गए सुधारात्मक उपायों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में परिवार पहचान पत्र के डेटा के माध्यम से जनवरी 2023 माह के दौरान साढ़े 12 लाख नये राशन कार्ड बनाये गए हैं। यदि कोई व्यक्ति गलत तरीके से लाभ ले रहा है, तो उनका नाम काटने का भी प्रावधान सरकार ने किया है। परिवार पहचान पत्र से संबंधित किसी भी विसंगति के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी ने सदन को आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग सक्रिय रूप से सुधार प्रक्रियाओं में लगा हुआ है। यदि किसी नागरिक के डेटा में कोई त्रुटि है तो वे आवेदन करके उसे ठीक करवा सकते हैं। विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज तीन विधेयक प्रस्तुत किये गये। इनमें हरियाणा नगर पालिका (संशोधन) विधेयक, 2023, हरियाणा नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 2023 व हरियाणा नगरीय क्षेत्र विकास तथा विनियमन (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2023 शामिल हैं। सदन में इन विधेयकों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से किया संवाद

(दिनांक 26.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सीएम की विशेष चर्चा कार्यक्रम के दौरान ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से सीधा संवाद कर कहा कि आज प्रदेश के सभी गांवों को लाल डोरा मुक्त किया जा चुका है। प्रदेश में अब तक 6,260 गांवों में 25 लाख 17 हजार 266 प्रॉपर्टी कार्डों को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें से 24 लाख 51 हजार 613 कार्ड मालिकों को दिए भी जा चुके हैं और उनके परिवार पहचान पत्रों से जोड़े जा चुके हैं। यही नहीं अब तक 3,613 गांवों की 4 लाख 62 हजार सम्पत्तियों की रजिस्ट्री की जा चुकी है। हमने वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों के दौरान अपने चुनावी घोषणा पत्र में गाँवों में लाल डोरे के अन्दर की प्रापर्टी का मालिकाना हक प्रॉपर्टी रिकॉर्ड में दर्ज कराने का वायदा किया था। हमने 27 अक्तूबर 2019 को जनसेवा का दायित्व पुनरू संभाला और इसके 3 मास बाद ही



# साप्ताहिक सूचना पत्र

25 दिसम्बर को इस वायदे को पूरा कर दिया। राज्य सरकार ने गांवों को लाल डोरा मुक्त करने की योजना का शुभारंभ 25 दिसम्बर, 2019 को सुशासन दिवस पर किया था। इसके एक माह बाद 26 जनवरी, 2020 को गणतंत्र दिवस पर जिला करनाल का गांव सिरसी पहला लाल डोरा मुक्त गांव बना। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के लिए यह बड़े गर्व और गौरव की बात है कि हमारी इस योजना को माननीय प्रधानमंत्री जी ने 24 अप्रैल, 2020 को पूरे देश में प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के नाम से लागू किया।

उन्होंने संवाद के दौरान रजिस्ट्री पाने वाले 13 लोगों से बातचीत की। रजिस्ट्री मिलने पर लोगों में खुशी का कोई ठिकाना नहीं था। उत्साहित लोगों में से कोई कह रहा था कि आज हम सही मायने में गांव के वासिंदे बने हैं, क्योंकि अब तक तो हम अपने बुर्जुगों के नाम कहे जाने वाली जमीन पर बैठे थे और अब मात्र 183 रुपये में रजिस्ट्री पाकर हम सही मायने में जमीन के मालिक बने हैं। उन्होंने कहा कि लाल डोरे के अंतर्गत गांव में किसी प्रकार की संपत्ति का राजस्व रिकार्ड नहीं हुआ करता। मकान या प्लॉट की खरीद व बिक्री के समय रजिस्ट्री नहीं होती। ऐसी संपत्ति पर बैंक से ऋण भी नहीं मिलता। इसलिए प्रदेशभर के ग्रामीण लंबे समय से गांवों को लाल डोरा मुक्त करने की मांग करते आ रहे थे। हमने गांवों के लोगों की इन समस्याओं को समझा और इनको समाप्त करने के लिए गांवों को लाल डोरा मुक्त करने का बीड़ा उठाया। आज प्रदेश के सभी गांवों को लाल डोरा मुक्त किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए हर गांव में ग्रामीण और आबादीदेह क्षेत्र का फील्ड वेरिफिकेशन का कार्य किया गया और लाल डोरा के भीतर की हर सम्पत्ति का मानचित्रण किया गया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गांवों के लाल डोरे को खत्म करने के अलावा भी हमने जमीन के रिकार्ड के आधुनिकीकरण के लिए कई नए कदम उठाए हैं। हाल ही में राज्य सरकार ने जमीन की फर्द को भी ऑनलाइन किया

# साप्ताहिक सूचना पत्र

है। अब फर्द लेने के लिए किसी को भी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। उन्होंने कहा कि हमने भूमि विवादों के शीघ्र निपटान के लिए रिमांड को खत्म किया है। उन्होंने कहा कि लोगों को रजिस्ट्री करवाने अथवा तहसील के अन्य कार्यों के लिए इंतजार न करना पड़े तथा कार्यालयों के बार–बार चक्कर न काटने पड़ें, यह सुनिश्चित करने के लिए हमने ई–पंजीकरण प्रणाली शुरू की है।

इसके अंतर्गत सम्पत्ति की रजिस्ट्री के लिए कोई भी व्यक्ति पहले ही अपॉइंटमेंट ले सकता है। ई रजिस्ट्रेशन प्रणाली राज्य की सभी तहसीलों व उप–तहसीलों में 3 फरवरी, 2015 से शुरू की गई। इस प्रणाली के तहत यदि आवेदक चाहे तो अपनी रजिस्ट्री तीन दिन के अन्दर डाक द्वारा प्राप्त कर सकता है। डाक खर्च आवेदक को जमा करवाना होगा। पूरे प्रदेश में ई–स्टैम्पिंग प्रणाली भी मार्च, 2017 से लागू की जा चुकी है नवम्बर 2017 से सभी तहसीलों में ऑनलाइन पैन सत्यापन सेवा भी शुरू की गई है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सार्वजनिक विकास परियोजनाओं के लिए जमीनों के जबरन अधिग्रहण की प्रथा को समाप्त किया है। इस दिशा में ई–भूमि वैब पोर्टल शुरू किया गया है, जिस पर किसान विकास परियोजनाओं के लिए अपनी जमीन स्वेच्छा से दे सकता है। इसका उद्देश्य राज्य में विकास परियोजनाओं के लिए स्थल निर्धारित करते समय निर्णय लेने में भू–मालिकों को शामिल करना है अब तक ई–भूमि वैब पोर्टल पर लगभग 10,000 किसानों ने अपनी लगभग 26 हजार एकड़ भूमि का पंजीकरण करवाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई0टी0 युक्त ग्राम सचिवालय योजना के अंतर्गत अब तक 1856 ग्राम सचिवालयों की स्थापना की जा चुकी है। सभी विभागों के ग्राम स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी इस सचिवालय में बैठते हैं ताकि लोगों के सभी सरकारी कार्य एक ही परिसर में हो सकें। इसी प्रकार, राज्य के 6188 गांवों में इंटरनेट

कनैक्टिीविटी बढाने के लिए आप्टिकल फाइबर केवल बिछाई जा चुकी है और 5953 ग्राम पंचायतों में वाई–फाई हॉटस्पॉट लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य गांवों में शहरों जैसी सुविधाएं विकसित करना है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## पंचकूला में राहगीरी कार्यक्रम

(दिनांक 27.08.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए नशामुक्ति का संकल्प लेते हुए और देशभक्ति के 'रंग दे बसंती' थीम के साथ राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पंचकूला के लोगों ने हजारों की संख्या में भागीदारी की। कार्यक्रम में महिलाओं, स्कूली बच्चों व प्रबुद्ध लोगों ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज करते हुए नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं सहित नो प्लास्टिक यूज का संकल्प लिया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने साइकिलिंग के साथ कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस के सहयोग से राहगिरी कार्यक्रम शुरू






किया गया है। पंचकूला में राहगिरी का यह उनका दूसरा कार्यक्रम है। कोविड–19 के कारण राहगिरी कार्यक्रम नहीं हो सका था अब यह कार्यक्रम नियमित चलेगा। आज पूरे प्रदेश के अलग–2 शहरों में राहगिरी का कार्यक्रम किया जा रहा है। राहगिरी जैसे कार्यक्रम हमें तनाव से मुक्त करते हुए स्वास्थ्य लाभ देते हैं। मन स्वस्थ रहेगा तो हर व्यक्ति ठीक रहेगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का एक कार्यक्रम साइक्लोथॉन एक सितंबर से करनाल से आरंभ होगा। 25 दिन तक यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश से गुजरते हुए यमुनानगर में संपन्न होगा। राहगिरी कार्यक्रम का थीम ही इस वर्ष 'रंग दे बसंती' रखा गया है जिसका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को बल देना है। पंचकूला के लगभग सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगा लेकर कार्यक्रम को खूबसूरत बनाया। इस थीम का भाव देश के प्रति कर्त्तव्य निभाने का प्रतीक है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्कूल व कॉलेजों के विद्यार्थी अभी पढ़ाई कर रहे है और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प लेना



चाहिए। 'कुछ करेंगे तो बड़ा करेंगे इसी लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इसमें माता–पिता, अध्यापक, समाज सभी का सहयोग होता है। कार्यक्रम में देशभक्ति व स्वास्थ्य लाभ संबंधी 37 स्टॉल लगाए गए थे। माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वयं रीयूजेबल बैग के स्टॉल पर जाकर लोगों को नो प्लास्टिक यूज का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 55 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह है और वे अपने उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भरता का संदेश भी देते हैं और सरकार भी समय समय पर ऋण उपलब्ध करवाती है। पंचकूला के सैक्टर –5 स्थित इनर सर्किल रोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में फिट इंडिया– फिट हरियाणा–फिट पंचकूला का संदेश दिया गया है। कबड्डी, वॉलीवॉल, बास्केटबाल, हॉकी, मुक्केबाजी जैसे खेलों के अलावा गतका , ताईक्वांडो, वुशू, घुड़सवारी, महिलाओं के लिए आयोजित मटका रेस, लेमन रेस, बैग रेस, टग ऑफ वॉर तथा पतंजलि योग समिति द्वारा योग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं योगाभ्यास किया और कई खेलों

# साप्ताहिक सूचना पत्र

में बच्चों के साथ प्रतिभागिता करते हुए उन्हें भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। राहगिरी कार्यक्रम में रंग दे बसंती के साथ साथ सड़क सुरक्षा का भी संदेश लोगों को दिया गया। पंचकूला के तीन उभरते खिलाड़ी जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जगह बनाई है जिन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात की और उनका मनोबल बढ़ाते हुए बच्चों को अपने कर कमलों से टीम राहगिरी की टी–शर्ट भेंट की। इन खिलाड़ियों में वियतनाम में आयोजित ताइक्वांडों में एशियन चौंपियनशिप में सिल्वर पदक विजेता आरनया ठाकुर, तजाकिस्तान में आयोजित एशियन मुक्केबाजी में चयनित निधि ढुल और वुशू जुनियर एशियन चौंपियनशिप में 7वां स्थान प्राप्त करने वाले अर्थव सक्सेना शामिल थे।

